हिन्दी दैनिक
जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित
# देश की उपासना
dku live & dkunews24
www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org
देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए
वर्ष : 03 अंक–322 : जौनपुर, गुरुवार 07 अप्रैल 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## अयोध्या एयरपोर्ट के लिए पूरा हुआ लैंड लीज एग्रीमेंट : 10 हवाई अड्डों वाला पहला प्रदेश होगा यूपी– सीएम योगी

लखनऊ ब्यूरो : अयोध्या अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के लिए नागरिक उड्डयन विभाग और भारतीय विमानपत्तन के बीच भूमि लीज एग्रीमेंट हुआ। इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वर्तमान में 10 नए एयरपोर्ट के लिए कार्रवाई चल रही है। वर्तमान में तीन अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट क्रियाशील हैं। एशिया के सबसे बड़े एयरपोर्ट जेवर के निर्माण के लिए युद्धस्तर पर कार्य प्रारम्भ हुआ है। साथ ही जब अयोध्या में अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट क्रियाशील हो जाएगा तो यूपी पांच अन्तरराष्ट्रीय एयरपोर्ट वाला पहला राज्य होगा और जब 10 नए एयरपोर्ट को हम क्रियाशील करेंगे तो 19 एयरपोर्ट वाला उत्तर प्रदेश देश पहला राज्य होगा। यह रोजगार सृजन और विकास की संभावनाओं को तेजी से बढ़ाने का माध्यम तो है ही, साथ ही लोगों की यात्रा को सरल, सुलभ और सहज बनाने का कार्य करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2023 में राम मंदिर का निर्माण कार्य पूरा हो चुका होगा और रामलला विराजमान हो चुके होंगे। हमें मंदिर निर्माण के साथ ही अयोध्या में एयरपोर्ट को क्रियाशील करने की तैयारी करनी चाहिए। इसके लिए राज्य सरकार पूरी तरह से मदद करेगी। यह अर्थव्यवस्था को ऊंचाई तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण माध्यम बनेगा। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आज हमारे लिए महत्वपूर्ण दिन है, जब अयोध्या को वायुसेवा से जोड़ने के लिए भूमि लीज एग्रीमेंट राज्य सरकार और भारतीय विमान पत्तन प्राधिकरण के बीच संपन्न हुआ है। आज ही नवरात्र का भी पावन दिन है। नवरात्र के आयोजन को ऊर्जा के संचार की तिथि माना जाता है। ऊर्जा सकारात्मक विकास का प्रतीक भी है और जब विकास का यह प्रतीक अयोध्या से जुड़ा हो तो पूरी दुनिया को प्रफुल्लित करता है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के निर्माण की प्रक्रिया की शुरूआत हुई है। इसके लिए राज्य सरकार और भारतीय विमान पत्तन प्राधिकरण के बीच भूमि एग्रीमेंट होना महत्पूर्ण पहल है। देश में पांच वर्ष में बेहतरीन वायुसेवा की कनेक्टिविटी के लिए किसी राज्य ने अच्छी प्रगति की है तो उसमें उत्तर प्रदेश एक है। 'वर्तमान में यूपी में नौ एयरपोर्ट क्रियाशील हैं' मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकास के लिए एयर कनेक्टिविटी को महत्वपूर्ण माना है। प्रधानमंत्री मोदी का कहना है कि वायुसेवा हवाई चप्पल पहनने वाले




व्यक्ति के लिए भी उपलब्ध होनी चाहिए। इसी का परिणाम है कि 2017 में केवल दो एयरपोर्ट लखनऊ और काशी पूरी तरह से क्रियाशील थे, आज वर्तमान में 9 एयरपोर्ट क्रियाशील हैं। जहां 2017 तक 25 गंतव्यों तक वायुसेवा दे पा रहे थे, वहीं आज 75 गंतव्य के लिए के लिए वायुसेवा उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में पहले चरण के लिए जिनती भूमि की आवश्यकता है, उतनी भूमि उपलब्ध करा दी गई है। अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के लिए मात्र 86 एकड़ भूमि बाकी है, इसे भी हम दो तीन महीने में प्राप्त कर लेंगे। अयोध्या में एयरपोर्ट निर्माण के लिए धनराशि जिला प्रशासन को उपलब्ध करा दी गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वायुसेवा की बेहतरीन कनेक्टिविटी विकास के कई द्वार खोलती है। तेजी के साथ प्रदेश में वायुसेवा का विकास हो रहा है। हमलोग अयोध्या को सुंदरतम नगरी के रूप में स्थापित करेंगे।

## हनुमान मन्दिर के पास कई बुचडखाने : सरकार का भी नहीं है कोई खौफ

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। थाना जसराना क्षेत्र के कस्बा पाढम का है मामला खुलेआम चल रहे हैं बुचडखाने, हनुमान मन्दिर के कुछ कदम की दूरी पर बुचडखानों का है बोलबाला। कस्बे में दिनभर



मन्दिरों के आसपास खुलेआम कटती है मुर्गी और बकरी ,प्रशासन नहीं दे रहा है कोई ध्यान । पीछे हनुमान जी का मंदिर है आगे कट रहे हैं मुर्गा बकरी। कस्बा पाढम के लोगों ने शिकायत प्रशासन से की। मीट बेचने वालों के हौसले बुलंद हैं।

### परमात्मा को पकड़ कर रखो भव से जीवन हो जाएगा पार : पं. बालकृष्ण महाराज

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : क्षेत्र के घमहापुर गाँव स्थित स्वामी श्री ईश्वर धाम के प्रांगण में चल रहे नौ दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा महोत्सव के पाचवें दिन अयोध्या से पधारे कथा वाचक पं. बाल कृष्ण महाराज ने शिव विवाह के पश्चात की कथा सुनाई और भगवान के लोक कल्याणकारी जन्मोत्सव का दर्शन कराया भगवान शिव विवाह के पश्चात कैलाश में वटवृक्ष के नीचे बैठे और मां पार्वती उचित अवसर जानकर भगवान शिव के निकट आई हैं और भगवान शिव ने सम्मान पूर्वक मां पार्वती को वाम भाग में आसन दिया है पति पत्नी का परस्पर इस प्रकार से आशय रहे तो गृहस्थ जीवन कुशलता पूर्वक व्यतीत होता है भगवान शिव से प्रश्न पूछे हैं की राम ब्रह्मा कैसे हो सकता है और यदि राम ब्रह्म है तो उस राम के जन्मोत्सव मांगलिक विवाह उत्सव को राज्याभिषेक के समय घटी वनवास की दुर्घटना को जानकी हरण से लेकर रावण मरण और पुनः भगवान के राज्याभिषेक की सारी घटनाएं सुनाइए निर्गुण सगुण कैसे हुआ अब व्यक्त अव्यक्त कैसे हुआ विराट सूक्ष्म कैसे हुआ यह आप हमको बताएं भगवान शिव ने पार्वती मां से कहा देवी निर्गुण और सगुण में भेद नहीं है भगवान तो भक्तों के प्रेम के वशीभूत होते हैं और भक्तों के कारण ही अवतार लेते, सगुनहिं अगुनहिं नहीं कछु भेदा। और भगवान शिव ने पार्वती के प्रश्नों का उत्तर देते हुए भगवान राम के जन्म के कारणों की चर्चा की नारद मोह के प्रसंग में बताया कि नारद जी में काम क्रोध और लोभ तीनों एक साथ बढ़ गया था और मानस रोग में इन्हीं तीनों को कफ वात और पित्त के नाम से जाना जाता है और जब भी यह तीनों शरीर में बढ़े तो किसी के पास न जाकर परमात्मा के शरण में जाना चाहिए तभी आप की भी रक्षा हो सकती है यह काम यह क्रोध यह लोभ आपके नियंत्रण में हो और आपके वश में हो नारद मोह के ही प्रसंग में महाराज जी ने गुरु महिमा का वर्णन किया कि गुरु तो सर्व शक्तिशाली समर्थ वान है वह तो सर्वोच्च सत्ता है सुप्रीम पावर है जन्म के अन्य कारणों में झमनु शतरूपा जी के प्रसंग को सुनाते हुए महाराज जी ने कहा कि जीवन में जब भी आपको यह लग जाए कि अब हमने अपने दायित्वों को पूर्ण कर लिया बाल बच्चे बाल बच्चे दार हो गए तब कुछ समय भजन के लिए तीर्थ के लिए सेवा के लिए निकालने चाहिए मनु शतरूपा जी राज्य को बच्चों को सौंपकर नैमिषारण्य में जाकर भगवान का भजन करने लगे भगवान प्रकट हो कर हमको वरदान दिए हैं कि मैं स्वयं आपके यहां रहूंगा और अब भगवान के जन्म की सारी भूमिका बन गई प्रताप भानु नाम का राजा शापित होकर रावण बना है उस के आतंक से आतंकित होकर सभी ने भगवान से प्रार्थना की है भगवान ने उन को स्पष्ट किया है मैं निश्चित पकड़ लूंगा आपके दुखों को हर लूंगा पृथ्वी के कष्ट को समाप्त कर लूंगा और महाराज दशरथ पुत्र कामेष्टि यज्ञ कराते हैं और भगवान संपूर्ण अंशों के सहित श्री राम अयोध्या में दशरथ जी के आंगन में प्रकट होते हैं सारी अयोध्या उत्सव मनाने लगे बधाइयां गाने लगे आनंद करने लगे ईश्वर सबसे सरल है ईश्वर ही सत्य है । इस अवसर पर भगवान दास महाराज,विकास तिवारी,ज्योति,छोटू तिवारी,रवि तिवारी,सुजीत तिवारी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## पोलियो और जमुआ रोग भी निर्मूलीकरण की स्थिति में डीआईओ ने किया टीकाकरण कराने की अपील

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : काली खांसी, टिटनेस, नवजात टिटनेस (जमुआ रोग), हेपेटाइटिस–बी, बच्चों में होने वाला टीबी, पोलियो, वायरल निमोनिया, बैक्टीरियल निमोनिया, मेनेन्जाइटिस, मस्तिष्क ज्वर, मिजिल्स (दुलारो माता), रुबेला आदि बीमारियां टीकाकरण से रोकीं जा सकती हैं। इनसे बचाव के लिए जिले में हर बुधवार और शनिवार को गर्भवती माताओं और बच्चों का टीकाकरण किया जाता है। स्वास्थ्य विभाग की सक्रियता और लोगों की जागरुकता की ही देन है कि जिले में टीकाकरण 90 प्रतिशत से ज्यादा पूर्ण हो चुका है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी (डीआईओ) डॉ. नरेन्द सिंह ने बताया कि पोलियो और नवजात शिशुओं में जमुआ रोग का लगभग निर्मूलीकरण हो चुका है। बाकी बीमारियों में टीकाकरण के साथ–साथ सर्विलांस (निगरानी) का कार्य लगातार चल रहा है जिसके कारण यह सभी जानलेवा बीमारियां निर्मूलीकरण के कगार पर पहुंच चुकी हैं। जिले में इनके एक–दो केस कभी कभार मिल जाते हैं। डीआईओ का कहना है कि यदि पूर्ण टीकाकरण का प्रतिशत 95 के ऊपर होता रहेगा तो आने वाले दिनों में यह जानलेवा बीमारियां समाप्त हो जाएंगी। इसलिए जिले की माताओं और बच्चों को पूरे उत्साह के साथ टीका लगवाना जरूरी है। एक भी टीका छूटना नहीं चाहिए। डीआईओ ने बताया कि चार से पांच वर्ष पहले तक इन बीमारियों के हजार से सैकड़ों की संख्या में मरीज आते थे, जबकि 2020–21 में डिप्थीरिया के



06, कालीखांसी के 21, मिजिल्स (दुलारो माता) के 71, मस्तिष्क ज्वर और नवजात टेटनस का कोई मरीज नहीं मिला है। 2021–22 में डिप्थीरिया, कालीखांसी और पोलियो का एक भी रोगी नहीं मिला। 2022 में अभी तक मात्र पांच मिजिल्स (दुलारो माता) के रोगी मिले। मस्तिष्क ज्वर का कोई मरीज नहीं आया और नवजात टेटनस का मात्र एक रोगी पाया गया। उन्होंने विश्व स्वास्थ्य दिवस (सात अप्रैल) पर गर्भवती माताओं और बच्चों को इन 12 जानलेवा बीमारियों से छुटकारा पाने के लिए प्रत्येक सप्ताह के बुधवार और शनिवार को अवश्य टीका लगवाने की अपील की है ताकि जिले को इन 12 जानलेवा बीमारियों से मुक्त किया जा सके।

## पुलिस मुठभेड़ में 25000 रुपये का इनामीं लूट का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय कुमार साहनी ,वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद जौनपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में थाना बक्सा, बदलापुर, खुटहन स्वाट की संयुक्त टीम के साथ हुई मुठभेड़ में 25000 रुपये के इनामियां, लूट में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। पुलिस की टीम को रात्रि गश्त के दौरान मुखबिर खास द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि तीन शातिर लुटेरे जौनपुर की तरफ से बदलापुर की तरफ घटना करने के इरादे से जा रहे हैं जिनके पास तमंचा व चोरी की गाड़ी है इस सूचना पर पुलिस टीम द्वारा हाईवे पर जौनपुर की तरफ से आ रहे एक मोटरसाइकिल की तरफ इशारा किया गया जिनको टार्च की रोशनी व अन्य साधन से रोकने का प्रयास किया गया तो बदमाशों द्वारा पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नियत से फायर किया गया उक्त फायरिंग में स्वाट प्रभारी के बुलेट प्रूफ जैकेट में गोली लगी। थानाध्यक्ष बक्सा एवं थानाध्यक्ष खुटहन द्वारा की गई जवाबी फायरिंग में एक बदमाश को गोली लगी, बदमाश घायल होकर गिर गया। मौके पर दो बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे घायल बदमाश को प्रारंभिक उपचार हेतु जिला अस्पताल जौनपुर से बीएचयू ट्रामा सेंटर वाराणसी रेफर कर दिया गया है। घायल बदमाश बृजेश गौतम पुत्र दूधनाथ गौतम निवासी गोंठवा थाना महाराजगंज का रहने वाला है, बक्शा की लूट में इसके उपर पच्चीस हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया है। अभियुक्तों के विरुध्द सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त– 1.बृजेश गौतम पुत्र दूधनाथ गौतम निवासी गोंठवा थाना महाराजगंज जनपद जौनपुर। फरार अभियुक्त– 1.इंदल उर्फ नान्हू उर्फ करन पुत्र दूधनाथ गौतम निवासी गोंठवा थाना महाराजगंज जनपद जौनपुर। 1. एक अभियुक्त अज्ञात आपराधिक इतिहास–1.मु0अ0सं0–90/20 धारा–392 411 भादवि थाना बक्शा जौनपुर। 2.मु0अ0सं0–106 22 धारा 307 411 भादवि थाना बक्शा जौनपुर। 3.मु0अ0सं0–107/22 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना बक्शा जौनपुर। 4. मु0अ0सं0–21/22 धारा 392 411 भादवि थाना बदलापुर जौनपुर। 5.मु0अ0सं0–44/ 22 धारा 392 411 भादवि थाना बदलापुर जौनपुर। 6. मु0अ0सं0–47/22 धारा 457 380 411 भादवि थाना खुटहन जौनपुर। बरामदगी का विवरण– 1.एक तमंचा 315



बोर में दो जिंदा कारतूस व एक खोखा कारतूस। 2.एक चोरी की मोटरसाइकिल। 3.8800 रुपया लूट की नगदी। 4.एक सैमसंग मोबाइल लूट की। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम– 1.थानाध्यक्ष दिव्य प्रकाश सिंह थाना बक्शा जौनपुर मय टीम। 2.उ0नि0 मनोज कुमार सिंह थाना बक्सा जौनपुर। 3.उ0नि0 श्री आदेश त्यागी प्रभारी स्वाट टीम जौनपुर मय टीम। 4.प्रभारी निरीक्षक श्री संजय वर्मा थाना बदलापुर मय टीम। 5.थानाध्यक्ष श्री अश्वनी कुमार दुबे थान खुटहन मय टीम।

## विवाहिता ने लगाया बलात्कार का आरोप : वीडियो वायरल करने की धमकी दे कर लगातार कर रहा था आरोपी शोषण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : गौराबादशाहपुर जौनपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने अपने ही गांव के एक व्यक्ति के ऊपर जबरन बलात्कार करने का आरोप लगाया है और तहरीर दी है थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला बुधवार की देर शाम अपने पति और ससुर के साथ गौराबादशाहपुर थाने पर आई और तहरीर देकर आरोप लगाया कि करीब छह माह पूर्व यह अपने घर से बाजार जाने के लिए निकली तभी गांव का के ही एक व्यक्ति ने रोक कर जबरन दुष्कर्म किया और फोटो और वीडियो वायरल करने की धमकी देकर लगातार शारीरिक शोषण करता रहा पीड़िता का पति परदेश रहता था जब पीड़िता का पति अपने गांव आया तो महिला ने उक्त घटना से अवगत कराया अपने परिजनों के साथ पीड़िता गौराबादशाहपुर थाने पर पहुंची वही थानाध्यक्ष अवधनाथ यादव का कहना है कि घटना की जानकारी हुई है उचित कार्यवाही की जाएगी।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dku live चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–
www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org
–संपादक

## कक्षा पांच उत्तीर्ण छात्रों को बीईओ ने किया पुरस्कृत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : धर्मापुर विकासखण्ड क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय सरैयां के कक्षा पांच पास किये छात्रो का विदाई समारोह कर के उन्हें बीईओ द्वारा सम्मानित किया गया। प्राथमिक विद्यालय सरैयां पर कक्षा पांच पास हुए बच्चो के विदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विदाई समारोह कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि खण्ड शिक्षा अधिकारी जय कुमार यादव ने 29 छात्रों को पुरस्कृत किया। खण्ड शिक्षा अधिकारी जय कुमार यादव ने कहा बच्चे भले ही इस विद्यालय से पास होकर अगली कक्षा में पढ़ने के लिए जा रहे लेकिन उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना यहां का शिक्षक स्टाफ हमेशा करता रहेगा। विदाई समारोह कार्यक्रम में प्रधानाध्यापिका संगीता राय ने भी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि पढ़ाई के दौरान किसी भी प्रकार की कोई जरूरत पड़ेगी तो हम शिक्षकों को जरूर याद करना। हम पूरी मदत की कोशिश करेंगे। इस दौरान ए आर पी उमेश मिश्र, अखिलेश यादव, लाल बहादुर वर्मा, प्रधानाध्यापिका संगीता राय, जीत बहादुर सिंह, सविता सरोज , सुनीता त्रिपाठी, ममता पटेल, सावित्री देवी व लाल बहादुर यादव उपस्थित रहे।

## मुठभेड़ में पकड़ा गया बदमाश बैंक चोरी में सामिल होना कबूला

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बड़ौदा यूपी बैंक शाखा मेढ़ा में लगभग डेढ़ माह पूर्व खिड़की की ग्रिल तोड़ भीतर घुसे चोरों के द्वारा चोरी के असफल प्रयास में वांछित चल रहे अज्ञात आरोपितो का खुलासा बुधवार की रात बक्सा थाना क्षेत्र में पुलिस मुठभेड़ के बाद पकड़ा गया बदमाश ने कर दिया। पुलिस के मुताबिक उसने खुद को चोरी की घटना मे सामिल होना स्वीकारा है। बीते 21 अप्रैल की रात उक्त शाखा कि खिड़की से घुसे चोर लाकर तोड़ने का असफल प्रयास किए। सफल न होने पर कंप्यूटर के तार, की बोर्ड और नेट सेटर आदि का तार खींच उसे छिन्न भिन्न कर दिए थे। दूसरे दिन सुबह जानकारी होने पर शाखा प्रबंधक ने अज्ञात चोरों के खिलाफ थाने में तहरीर दिया था। मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपितो की तलाश कर रही थी। बुधवार की रात बक्सा थाना क्षेत्र के हाइवे पर हुई बदमाश और पुलिस की बहुचर्चित मुठभेड़ में पकड़ा गया बदमाश बृजेश गौतम निवासी ग्राम गोंठवा थाना महराजगंज ने दो और साथियों के साथ बैंक शाखा से चोरी के प्रयास का आरोप स्वीकार कर लिया है।

### मनबढो की पिटाई से घायल युवक की छूटी परीक्षा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : थाना क्षेत्र के पराऊगंज बाजार में दो दिन पूर्व मनबढ़ो की पिटाई से घायल इंटर के छात्र की परीक्षा छूट गई ।पुलिस नामजद तहरीर मिलने के बावजूद अभी तक आरोपियों को गिरफ्तार नही कर सकी है जिससे परिजनो में आक्रोश व्याप्त हैं ।घायल छात्र अमन प्रजापति पुत्र भगेलू निवासी भडेहरी थाना केराकत की दादी जडावती ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया की मेरे पौत्र को परीक्षा देकर घर लौटते समय पराऊगंज बाजार में छतरीपुर थाना केराकत के तीन मनबढ युवक उसे गाड़ी से खींचकर बुरीतरह से मार पीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था ।जिसका इलाज जिला अस्पताल में अभी भी चल रहा है ।जिससे उसका तीन पेपर छूट गया है और पुलिस द्वारा कोई कार्यवाई नही करने से आरोपी युवक बेखौफ होकर घूम रहे हैं।

## आग से रहायशी छप्पर व चार बीघा गेंहू जलकर राख

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : थाना क्षेत्र के दो गांवों में गुरुवार को आग की अलग–अलग घटनाओं में रहायशी छप्पर तथा चार बीघा गेंहू की फसल जलकर राख हो गया। ग्रामीणों के अथक प्रयास से आग पर काबू पाया गया। सुबह दस बजे के करीब अज्ञात कारणों से लगी आग से पप्पू शर्मा निवासी मछली गांव के दो रहायशी छप्पर तथा उसमें रखा घर–गृहस्थी का सब सामान जलकर राख हो गया। उधर सुबह नौ बजे के करीब मिरशादपुर निवासी नीरज यादव के गेंहू की खड़ी फसल में ट्रांसफार्मर से निकली चिंगारी से देखते ही देखते चार बीघा गेंहू जलखर राख हो गया। ग्रामीणों के अथक प्रयास से आग पर काबू पाया गया।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–
जिनके परमात्मा से रिश्ते गहरे होते हैं, उनके आज और कल दोनो सुनहरे होते हैं।
–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## अयोध्या की रामलीला के तीसरे संस्करण में पहली बार मैदान में बैठकर देख सकेगे दर्शक रामलीला – सुभाष मलिक

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ)अयोध्या की रामलीला का तीसरा संस्करण 25 सितम्बर से 5 अक्टूबर को अयोध्या में होने जा रहा हैं। एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए अयोध्या की रामलीला के कमिटी अध्यक्ष सुभाष मलिक ( बॉबी ) अयोध्या की रामलीला 2022 में 25 सितम्बर से 5 अक्टूबर को होने जा रही हैं।उनके मुताबिक अयोध्या की रामलीला में 2020 में भगवान श्री राम के भक्तो ने 16 करोड़ से ज्यादा रामलीला देखा था , और 2021 में 20 करोड़ से ज्यादा भगवान श्री राम के भक्तों ने देखा था।अयोध्या की रामलीला विश्व की सबसे बड़ी रामलीला भगवान श्री राम के भक्तों ने बनाया।2021 और 2022 माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी उत्तरप्रदेश सरकार और सस्कृंत मंत्रालय के सहयोग से अयोध्या की रामलीला का आयोजन किया जाता हैं। इस बार भगवान श्री राम के भक्तों को अयोध्या की रामलीला देखने का शोभाग्य प्राप्त होगा।भगवान श्री राम के हजारो भक्त ग्राउंड में बैठकर देख पाएँगे। और इस बार सूंदर झूले , खाने पीने के पकवान की दुकान और सूंदर मेले का आयोजन किया जायेगा। अयोध्या की रामलीला के कमिटी अध्यक्ष सुभाष मलिक ( बॉबी ) ने बोला अयोध्या की रामलीला को और सूंदर बनाने की तैयारियाँ चल रही हैं। इस बार अयोध्या की रामलीला देखने के लिए कई स्टेट के मुखयमंत्री और गवर्नर को आमंत्रित किया जायेगा। अयोध्या की रामलीला में परशुराम की भूमिका में बीजेपी से सीनियर नेता भोजपुरी के सुपर स्टार सांसद मनोज तिवारी निभा रहे है,जबकि मुख्य भूमिका भगवान श्री राम की भूमिका में राहुल भूचर जी नजर आयेंगे।रावण की भूमिका में शाहबाज खान, भगवान हनुमान जी की भूमिका में बिंदु दारा सिंह नजर आएंगे।वही राकेश बेदी विभीषण की भूमिका में नजर आएंगे। कैकेयी की भूमिका उपासना जी ( जो कपिल शर्मा के शो में बुआ जी ) और कई फिल्मी हस्तियाँ अयोध्या की रामलीला में स्टेज पे एक्टिंग करते नजर आएंगे।अयोध्या की रामलीला विश्व की सबसे बड़ी रामलीला है , और इसका प्रसारण 25 सितम्बर से 5 अक्टूबर को दूरदर्शन पर हर वर्ष के भाती इस वर्ष भी किया जाएगा।अयोध्या की रामलीला के मुख्य संरक्षक श्री प्रवेश साहिब वर्मा जी ने बोला अयोध्या की रामलीला को सूंदर बनाने की हमारी हर वर्ष कोशिश रहती हैं , भगवान श्री राम के भक्तों को दिखाने के लिए। विश्व में सबसे ज्यादा भक्त श्री राम के हैं। अयोध्या की रामलीला शुरू करने का हमारा एक ही मकसद था की अयोध्या की रामलीला के कमिटी मुख्य संरक्षक श्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा जी ने बोला की 25 सितम्बर से 5 अक्टूबर देखना न भूले , अयोध्या की रामलीला शाम 7 से 10 बजे तक दूरदर्शन पर लाइव और ग्राउंड में बैठकर भी देखने का विशेष प्रबंध किया जा रहा है।

## संबंधित अधिकारी के लापरवाही से ड्यूटी से वंचित लगभग 65 पीआरडी जवान

अयोध्या।(अमित कुमार मणि त्रिपाठी बीकापुर संवाददाता) जिला युवा कल्याण विभाग को मुख्यमंत्री ने निर्देशित किया था की लगभग 430 पीआरडी जवान हैं जिनकी कंप्यूटर से फीडिंग कर दी जाए जिससे सारे जवान एनआईसी लखनऊ से संबंधित हो जाएं और युवा कल्याण से अलग हो जाएं किंतु अयोध्या के जिला युवा कल्याण अधिकारी एवं कर्मचारी 31मार्च तक फीडिंग न करके 6अप्रैल तक अभी फिटडिग नहीं हुई है बल्कि फीडिंग जारी है जिससे जो जवान पेंडिंग वाले पहले फिडिग किए जा चुके थे वे लोग लगभग 70 जवान थाने में ड्यूटी में कार्यरत हैं और फीडिंग ना होने के कारण 65 जवान थाने पर ड्यूटी नहीं लगाएं गये इसलिए जो जवान ड्यूटी नहीं पाए हैं वह भूखमरी के कागार तक पहुंच रहे हैं ,और मुख्यमंत्री से निवेदन किया है कि अतिशीघ्र फीडिंग करवा कर थाने पर बचे हुए पी आर डी जवानों को ड्यूटी दिया जाये।

## 102 एम्बुलेंस के ईएमटी पायलट के द्वारा कराया गया सुरक्षित प्रसव

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता)जिले के पूरा बाजार ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम मक्कापुर के निवासी जलाल ने 102 एम्बुलेंस पर कॉल किया मौके पर पहुंची एम्बुलेंस यूपी 32 बी जी 1921 ईएमटी बाल विक्रम सिंह व् पायलट शिव बहादुर ने महिला रन्नो उम्र 26 वर्ष पति जलाल को लेकर अस्पताल के लिए रवाना हुए रास्ते में प्रसव पीड़ा अधिक होने के कारण एम्बुलेंस को रास्ते में रोककर ईएमटी व् परिजन की मदद से सुरक्षित प्रसव कराया गया उसके बाद पीएचसी दर्शननगर में महिला को भर्ती कराया गया। जहा पर उपस्थित चिकित्सक ने जच्चा बच्चा को स्वस्थ्य बताया गया।जिसकी जानकारी जिला इरफान सिद्दीकी ने दी। प्रोग्राम मैनेजर दीपक अस्थाना व आरएम अजय सिंह का कहना है कि ईएमटी पायलट को जल्द प्रोत्साहित किया जाएगा।

## 15 अप्रैल को उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू अयोध्या के दौरे पर

अयोध्या (संवाददाता) सुरेंद्र कुमार।उपराष्ट्रपति के अयोध्या दौरे को लेकर के डीआरएम ने किया लखनऊ से अयोध्या रेल मार्ग का निरीक्षण।अयोध्या रेलवे स्टेशन पर उपराष्ट्रपति के आगमन को लेकर सुरक्षा और रेलवे संबंधित अधिकारियों के साथ किया मंथन। रेलवे स्टेशन पर निरीक्षण कर दिया अधिकारियों को दिशा निर्देश। अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन के निर्माणाधीन बिल्डिंग का किया निरीक्षण। अयोध्या से काशी के रेल मार्ग के निरीक्षण के लिए रवाना हुए डीआरएम।15 अप्रैल को अयोध्या में प्रस्तावित है उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू का अयोध्या दौरा। रेल मार्ग से लखनऊ से अयोध्या और अयोध्या से काशी जाएंगे वेंकैया नायडू।सुबह 11:00 बजे अयोध्या पहुंचेंगे उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू। राम नगरी में करेंगे रामलला का दर्शन पूजन।उतारे के हनुमान जी की आरती। अयोध्या के वरिष्ठ संतो से भी मुलाकात कर सकते हैं उपराष्ट्रपति। राम मंदिर निर्माण से होंगे रूबरू।अयोध्या से काशी के लिए रवाना होंगे उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू। रेलवे महकमा जुटा तैयारियों में।

## पब्लिक प्रापर्टी को क्षतिग्रस्त करने तथा गाली गलौज देते हुए जान से मारने की धमकी के आरोप में 8 पर केस दर्ज

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : उप जिलाधिकारी लाल बहादुर के निर्देशन पर कुशहा गांव निवासी राजमणि मौर्या ने 8 लोगों पर खड़ंजा उखाड़ने तथा गाली गलौज देते हुए जान से मारने की धमकी का केस दर्ज कराया है। केस दर्ज कर पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है । ग्राम कुशहा थाना सिंगरामऊ निवासी राजमणि मौर्या ने एसडीएम लाल बहादुर को इस बात का शिकायती पत्र दिया कि सरकारी धन से हुए चक मार्ग पर 15 वर्ष पूर्व खड़ंजा लगाया गया था। जिससे गांव के लोगों का आवागमन सुचारू रूप से बना हुआ था। परन्तु गाँव के ही राममिलन, रामनाथ, रमेश, सुभाष, जयप्रकाश ,अखिलेश, कमलेश तथा सुनीता पत्नी राममिलन ने 27 मार्च को चक मार्ग से खड़ंजा को उखाड़ कर बांस बल्ली से घेर दिया। जिससे आवागमन बाधित हो गया है! गांव वालों को आने–जाने में भारी मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है। एसडीएम ने प्रकरण को संजीदगी से लेते हुए जांच पड़ताल किया जिसमें मामला सही पाया गया। एसडीएम लालबहादुर ने मामला सही पाए जाने पर केस दर्ज करने के लिए थानाध्यक्ष सिंगरामऊ को निर्दशित किया!

### धर्म की स्थापना के लिए होता है महामाया का प्राकट्य : आनंद भूषण जी महाराज

सुजानगंज ( विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी ) : स्थानीय क्षेत्र के प्रेम का पूरा गांव में मां अन्नपूर्णा धाम में श्री अन्नपूर्णा महोत्सव के अंतर्गत चल रही श्रीमद् देवी भागवत महापुराण की कथा में अयोध्या से पधारे कथा व्यास श्री आनंद भूषण जी महाराज ने तृतीय दिवस की कथा में श्रद्धालुओं को बताया कि अधर्म के नाश और धर्म की स्थापना के लिए ही भगवती का प्राकट्य होता है। पूज्य महाराज श्री ने मधु कथा प्रसंग के माध्यम से लोगों को बताया कि भगवान विष्णु के कान के मेल से जब मधु कैटभ राक्षस प्रकट हुए तब उन्होंने तीनो लोक में हाहाकार मचा दिया। मधु कैटभ के आतंक से पीड़ित देवताओं ने महामाया की शरण गही, फिर महामाया की कृपा से मधु कैटभ नामक राक्षस का अंत हुआ और पुनः धर्म की स्थापना हुई । देवी भागवत कथा प्रसंग के अंतर्गत ही पूज्य महाराज श्री ने कृष्ण जन्मोत्सव की लीला का भी वर्णन किया और जन्म उत्सव में कथा पंडाल में सभी श्रोता नाचने को मजबूर हो गए । पूज्य महाराज श्री ने



श्रोताओं को बताया कि हम लोगों को अपना जीवन सुंदर बनाना है तो महामाया की शरण में ही रहना चाहिए । बताते चलें कि चौत्र नवरात्र प्रतिपदा से ही अन्नपूर्णा धाम प्रेम का पूरा में श्रीमद् देवी भागवत महापुराण की कथा और शतचंडी महायज्ञ प्रारंभ है जो कि 10 अप्रैल तक चलेगा । उक्त अवसर पर सुरेश दुबे, कमला शंकर दुबे, प्रेम शंकर दुबे, प्रमोद दुबे, अशोक दुबे, नीरज दुबे, एवं आयोजक धीरज दुबे आदि उपस्थित रहे।

## बिना छुट्टी के महीनों नहीं आती हैं अध्यापिका प्रिया सिंह : जिम्मेदार कर रहे हैं अनदेखी

गोरखपुर ब्यूरो रोजनारायण ओझा : खजनी बीआरसी अंतर्गत पूर्व माध्यमिक विद्यालय बेलूडीहां सहायक अध्यापिका प्रिया सिंह महीने में एक बार आती हैं हाजरी लगाती हैं चली जाती है। विद्यालय के बच्चों ने बताया परीक्षा चल रहा था मैम एक दिन दिखाई दी उसके बाद 13 दिन हो गया अभी तक विद्यालय नहीं आई बिना छुट्टी के सहायक अध्यापिका मनमानी ढंग से विद्यालय में बच्चों को पढ़ाने नहीं आती हैं लेकिन जिम्मेदार जानते हुए भी उनके खिलाफ कार्यवाही नहीं करते हैं ग्राम प्रधान प्रियंका सिंह विद्यालय पर लगातार निरीक्षण करते हुए प्रिया सिंह कि रजिस्टर हाजिरी देखें प्रिया सिंह 13 दिन से विद्यालय में नहीं आई है जिनकी सूचना जिलाधिकारी महोदय व बीईओ खजनी निलेश पांडे से बात करने पर उन्होंने कहा प्रिया सिंह के खिलाफ सस्पेंड की कार्रवाई की जाएगी।

## अयोध्या के गाँवों को पसंद आ रहा है प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का पंसदीदा हरियाणा का बीबीपुर मॉडल

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से लेकर देश के राष्ट्रपति तक प्रशंसा प्राप्त बीबीपुर मॉडल को अयोध्या जनपद के हैरिंग्टनगंज ब्लॉक के पलिया लोहानी के बाद बसवार बुजुर्ग में लागू किया जा रहा है। बसवार बुजुर्ग के प्रधान अशोक तिवारी ने आज सुनील जागलान को गॉव में आमंत्रित किया और अभियान में भागीदारी की।सुनील जागलान ने कहा कि उत्तर प्रदेश के हर जिले के गांव तक महिला सशक्तिकरण के द्वारा ग्रामीण विकास के मॉडल को लागू करवाया जाऐगा।जिसके लिए वहीं बसवार बुजुर्ग में ग्रामीण महिला व पुरूषों का विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। इससे पहले अयोध्या के पलिया लोहानी ग्राम पंचायत जिसमें 19 गांव आते हैं। वहाँ से शुरूवात कर भगवान राम की नगरी को महिला केंद्रित गाली से मुक्त कराने के लिए गाली बंद घर अभियान शुरू कर दिया है।बसवार बुजुर्ग के प्रधान अशोक तिवारी ने कहा कि सुनील जागलान के अभियानों से सभी गांवों में सकारात्मक ऊर्जा का प्रसार हो रहा है। हमारे गांव ने सामूहिक रूप से सुनील जागलान के अभियान गाली बंद गॉव का समर्थन किया है। उनसे आग्रह किया है कि बीबीपुर मॉडल हमारे गॉव में भी लागू किया जाए। बताते चलें कि प्रधानमंत्री व राष्ट्रपति द्वारा प्रशंसा प्राप्त देश एवं दो बार राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता सुनील जागलान ने पलिया लोहानी ग्राम पंचायत को महिला सशक्तिकरण के द्वारा ग्रामीण विकास के कार्य के लिए एडॉप्ट किया है। सुनील जागलान हरियाणा राज्य के जींद जिले के बीबीपुर गॉव के वही सरपंच हैं। जिन्होंने वर्ष 2012 में बेटी बचाओ अभियान शुरू किया एवं उनके द्वारा शुरू किए गए सेल्फी विद् डॉटर अभियान की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 6 बार मन की बात व अमेरिका व इंग्लैंड के कार्यक्रमों में सराहना की। इसके अलावा वर्ष 2016 में सुनील जागलान के बीबीपुर मॉडल को तत्कालीन राष्ट्रपति ने प्रणब मुखर्जी ने राष्ट्रपति भवन द्वारा गोद लिए गए 100 गाँवों में लागू किया और सुनील जागलान को 50 लाख रूपए का अनुदान भी दिया। सुनील जागलान के अभियान बेटियों के नाम नेमप्लेट, माहवारी की जागरूकता के लिए शुरू किए पीरियड चार्ट जैसे सैकड़ों अभियान अन्तर्राष्ट्रीय सुर्खघ्यिाँ बटोर चुके हैं। सुनील जागलान पर बनीं डॉक्यूमेंटरी फिल्म सनराइज को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद जी द्वारा राष्ट्रीय पुरस्कार भी मिल चुका है तथा सयुंक्त राष्ट्र द्वारा इस फिल्म को विश्व के 73 देशों में दिखाया जा रहा है। बसवार बुजुर्ग ग्राम पंचायत के प्रधान अशोक तिवारी ने कहा कि यह हम सब लिए बहुत सुखद है कि देश के सबसे प्रसिद्ध व आदर्श प्रधान हमारे गॉव से अभियान शुरू कर रहे हैं इनके यहॉ आने से लोगों को एक दम से ऊर्जा महसूस हो रही है और गॉव के सभी लोग इनके कहने पर इनका साथ देने के लिए तैयार हो गए हैं । गॉव में घर घर में महिला केंद्रित गाली दी जाती है। लेकिन इनके प्रयास से लोगों में समझ आई है और हम सैन्य इसको त्याग करके बीबीपुर मॉडल को गॉव में लागू कर उत्तर प्रदेश का आदर्श गॉव बनाने की कोशिश में सुनील जी के साथ लग गए हैं । इनके द्वारा प्रयासों से ही ऐसा हुआ कि हमने गॉव में पहली बार महिला सैकड़ों की संख्या में एकत्रित होकर प्रेरित महसूस कर रही हैं।

## पुलिस कर्मचारियों के चरित्र में जबर्दस्त गिरावट दर्ज की गई

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) उत्तर प्रदेश के अयोध्या जनपद में पुलिस कर्मचारियों के चरित्र में जबर्दस्त गिरावट दर्ज की गई है आलम यह है कि पीड़ित को न्याय दिलाने के बजाय पुलिस अपराधियों से साठगाठ करके रिश्वत खोरी में लिप्त हो चुकी है।पिछले छ माह की घटना पर नजर डालें तो इनायत नगर थाना क्षेत्र के रेवना गाँव की एक दलित बालिका के साथ बलात्कार की घटना में पुलिस ने बालिका को एक सप्ताह तक थाने में रखकर 164 के बयान में दोषी को बचाने के लिए दबाव डाला तथा बालिका के पेट में पल रहे भ्रूण की हत्या किया सूत्र बताते हैं कि पूरे मामले में पुलिस ने लगभग दो लाख रुपये का खेल किया बालिका का परिवार आज भी नजरबंद करके रखा गया है।वही दूसरी घटना अयोध्या कोतवाली की चौकी रानोपाली की सामने आई है जिसमें बलात्कार पीड़ित बालिका के परिवार को 50 हजार में पटाने का काम खुद चौकी प्रभारी कर रहे थे रौनाही थाना क्षेत्र की चौकी सतीचौरा प्रभारी एक कदम आगे निकल गए हैं नाबालिग बालिका के बलात्कारी को बचाने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा दिया बीस दिन बाद पुलिस कप्तान के हस्तक्षेप करने पर मुकदमा दर्ज किया गया।वही मेडिकल में क्या निकलेगा बीस दिन बाद वहीं अयोध्या धाम में सात साल की बच्ची के साथ बलात्कार मामला भी सुर्खियों में है जिसमें पुलिस की भूमिका से आहत पीड़िता के ताऊ का हार्ट अटैक से मौत हो गयी।सामाजिक सुरक्षा के लिए ईमानदारी व कर्तव्य निष्ठा की सौगंध लेने वाले रक्षक ही भक्षक बनकर जब नागरिकों के लिए खतरा बन जाएँ तो पीड़ित क्या करें?

## औचक निरीक्षण में चार लोगो की पकड़ी विद्युत चोरी

अयोध्या।(अमित कुमार मणि त्रिपाठी बीकापुर संवाददाता)उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन विभाग के उपखण्ड अधिकारी कुमारगंज लाइन लास को लेकर लगातार बिजली चोरी की चेकिंग की जा रही है मंगलवार को उपखंड अधिकारी संतोष कुमार अपनी टीम अवर अभियंता रजनीश वर्मा और अवधेश शुक्ल लाइनमैन के साथ अमानीगंज उपकेंद्र से निकलने वाले पोषक मोहम्मदपुर फीडर पर लाइन लास को लेकर चेकिंग अभियान चलाया गया जिसमे उपखंड की टीम ने बिना कनेक्शन के मुर्गी फार्म चला रहे मोहम्मदपुर निवासी महेंद्र प्रताप सिंह का 2 किलोवाट के बिना कनेक्शन के पकड़ा गया। राहुल शुक्ल और धर्मेंद्र दुबे मोहम्मदपुर निवासी बिना कनेक्शन के घर की लाइट चलाते पाए गए तथा मोहम्मदपुर निवासी विवेक सिंह मुर्गी फार्म के दो किलोवाट के कनेक्शन पर 2 2एचपी का अतिरिक्त नलकूप मोटर चलाते पकड़े गए जिसका लोड 4 किलोवाट पाया गया ।अवर अभियंता रजनीश वर्मा ने बताया कि कनेक्शन सम्बंधी मुर्गी फार्म और घर के कनेक्शन सम्बंधी कागजात नही दिखाया गया जिसे लाइन विच्छेदन की कार्यवाही की गईं उपखंड अधिकारी संतोष कुमार ने बताया कि बिना कनेक्शन के चला रहे उपभोक्ता के खिलाफ एफ आई आर दर्ज करवाने हेतु अवर अभियंता को निर्देशित कर दिया गया है।

## रुदौली ब्लाक पर पोषण पखवारे का हुआ समापन

अयोध्या।(अमित कुमार मणि त्रिपाठी बीकापुर संवाददाता) जिले के रुदौली ब्लाक के सुभाष चन्द्र अग्रवाल सभागार में पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।इस मौके पर सहायक खण्ड विकास अधिकारी पंचायत गंगा प्रसाद श्रीवास्तव ने गांवो व घरों को आमजन के सहयोग से स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया।बीओसी अनुरागिनी सिंह ने आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों की वृद्धि निगरानी के बारे में बताते हुए कहा कि केंद्र पर आने वाले बच्चों का वजन,लंबाई व ऊँचाई समय समय पर करते रहना चाहिये।वही इस कार्यक्रम में बोलते हुए बीएमएम प्रज्ञा पाण्डेय ने गर्भवती,धात्री माताओं,किशोरी बालिकाओं में एनीमिया की रोकथाम एवम उपाय,स्कूली बच्चों में एनीमिया की रोकथाम व कुशल प्रबंधन की जानकारी दी।बाल विकास परियोजना प्रभारी रूदौली सिध्दिधात्री पाण्डेय ने कहा कि हर बच्चा हमारे देश का धरोहर है इसकी उचित देखभाल करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है।उन्होंने कहा कि पोषण पखवाड़े का उद्देश्य तभी सफल होगा जब इस अभियान में जन जन की भागीदारी हो।उन्होंने बताया कि महिलाओं व बच्चों को पारंपरिक भोजन को अपने जीवन मे अपनाया जाना चाहिए।इस दौरान आँगनवाडी कार्यकत्रिओ ने स्टाल लगा कर घरेलू सामग्री से पोष्टिक रेसिपी बना प्रदर्शन किया व आकर्षक रंगोली भी बनाई।कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुख्य सेविका राधा,नीलम,शान्ती मिश्रा, अरुणा, अनीता, मिथलेश, अमिता श्रीवास्तव, पार्वती, बृजेश, कामिनी, रिनकुन, शिवमानी, विनीता सिंह आदि मौजूद रही।

### सीओ ने थाने का किया निरीक्षण : मिली खामियां : मांगा स्पष्टीकरण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार सिंह ने गुरुवार को बदलापुर थाने का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्हें बहुत खामियां मिली। थाने के मुंशी से उन्होंने स्पष्टीकरण मांगा है। लगभग 11 बजे सीओ थाना परिसर में पहुंच गये। सबसे पहले उन्होंने मेंस, बैरक, शस्त्रागार तथा परिसर की साफ–सफाई का अवलोकन किया। इस दौरान उन्हें ढेर सारी खामियां दिखाई पड़ी। जिसे तत्काल साफ सुथरा करने का निर्देश दिया। इसके बाद वह अभिलेखों का निरीक्षण करना शुरू किये। जिसमें थाने के मुंशी स्टेटमेंट प्रस्तुत नहीं कर पाये। निरीक्षण के दौरान उन्होंने एसआई संजय कुमार व चौकी इंचार्ज घनश्यामपुर से अपनी – अपनी पिस्टल खुलकर पुनः बांधने को कहा। एसआई संजय कुमार 25 मिनट में भी अपनी पिस्टल खोलकर नहीं बांध पाये। यह देख सीओ का पारा गरम हो गया। उन्होंने खुद पिस्टल खोलकर बांधकर दिखाया। सिपाहियों से भी उन्होंने इंसास राइफल खुलवा कर उसके पार्ट के विषय में जानकारी दिया। इस बाबत पूछे जाने पर सीओ ने कहा कि थाने के चारों मुंशी से स्पष्टीकरण मांगा हूँ।

## एक ही गांव में दो जगह शार्ट सर्किट से लगी आग से गेहूं जले

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : क्षेत्र बछुआर गांव में गुरुवार की दोपहर 12बजे खेतों के ऊपर से निकल रही बिजली की लाइन में शार्ट सर्किट होने से गेहूं की फसल आग लग गई। इससे गेहूं जलकर खाक हो गए। आग की जानकारी मिलने के बाद ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। जानकारी के मुताबिक किसान अशोक यादव के खेत मे गेहूं की तैयार फसल में खेत के ऊपर से जा रही विद्युत लाइन में शार्ट सर्किट के चलते आग लग गई।जिसमे एक बीघा लगभग गेहूं जल गया। वही इसी गांव के दूसरे छोर पर भी शॉर्ट सर्किट की वजह से गेहूं की फसल में चिंगारी गिरने से देखते ही देखते खेतो मे आग भयानक हो गई। जबतक ग्रामीणों द्वारा आग बुझाई जाती तब तक किसान अमरनाथ यादव की एक बीघे की गेंहू की फसल जलकर राख हो गयी। ग्रामीणों ने काफी मशक्कत कर आग बुझाई ।ग्रामीणों ने विभाग पर आरोप लगाया है कि हाईटेंशन लाइन के तार पूरे क्षेत्र में झूलते नजर आ रहे हैं। विभाग मेंटेनेंस की ओर कोई ध्यान नही देता ग्रामीणों ने पावर हाउस पर फोन लगाया परंतु पावर हाउस का कर्मचारी फोन नहीं उठाया जिससे आग बुझाने में विलंब हुआ।

## विधायक के बेटे समेत चार पर लूट का केस दर्ज

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ)कोतवाली नगर क्षेत्र के सिविल लाइन्स में पिस्टल के बल पर पीड़ित के मुताबिक एक लाख रुपये की लूट का मामला सामने आया है।वही शोर मचाने के बाद मौके पर पहुंचे लोगों को देखकर स्कार्पियो सवार आरोपी मौके से भाग निकले।जो पूरा घटनाक्रम सीसीटीवी में कैद हो गया है।पीड़ित के शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामले में रुदौली के भाजपा विधायक रामचंद्र यादव के पुत्र व तीन अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित श्याम बहादुर सिंह उर्फ अनु पुत्र विजय बहादुर सिंह निवासी रामनगर अमावा सूफी थाना खण्डासा ने मामले की तहरीर नगर कोतवाली में दी है। श्याम बहादुर ने बताया की 4 अप्रैल की रात लगभग 11 बजे वह रोडवेज पर सतगुरु गेस्ट हाउस के पास खड़ा था।अचानक पीछे से सफेद रंग की स्कार्पियो आकर रुकी, जिसका नंबर 4300 व शीशा काले रंग का था। इस दौरान गाड़ी से चार लोग उतरे और उन्होंने जान से मार डालने की नियत से हमला कर दिया।गाड़ी विधायक रामचंद्र यादव का पुत्र आलोक चला रहा था। चारों ने ने मुझे खूब मारा पीटा। इस दौरान एक लड़के ने पिस्टल मेरे सिर पर लगा दी और भद्दी–भद्दी गालियां देते हुए कहा तुम्हारा अंतिम समय आ गया है। आरोपियों ने मेरे झोले में रखे कुछ कागजात व एक लाख रुपये छीन लिये। मैंने तुरंत गुहार लगानी शुरू कर दी। लोगों को आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए सदर तहसील की तरफ भाग निकले। लूट का पूरा घटनाक्रम पास ही लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया।वही इस घटना की सूचना मिलते ही चौकी इन्चार्ज सिविल लाइन मौके पर पहुंचे और सतगुरू गेस्ट हाउस के कैमरे से विडियो अपने फोन में रिकार्ड किया। साथ ही घटना की जानकारी उच्चाधिकारियों को भी दी। पुलिस ने विधायक पुत्र के अलावा तीन अज्ञात पर भी केस दर्ज किया है। तो विधायक ही होंगे घटना के जिम्मेदार है यह बात श्याम बहादुर ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाते हुए कहा है कि अब मुझे व मेरे परिवार पर आरोपियों द्वारा कभी भी जानलेवा हमला किया जा सकता है। भविष्य में मेरे साथ जो भी घटना होगी उसके जिम्मेदार विधायक रूदौली रामचन्द्र यादव व उनके परिवार के लोग ही होंगे।

## जिला कार्यालय पर हुआ आयोजन भाजापा स्थापना दिवस का कार्यक्रम

अयोध्या।(डाक्टर आलोक श्रीवास्तव अयोध्या संवाददाता)भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा तथा प्रधानमंत्री के संबोधन को सबने सुना।इस सांसद अयोध्या लल्लू सिंह ने कहा कि पूरे देश मे स्थापना दिवस मनाया जा रहा है।इस अवसर पर उन्होने संदेश स्वरुप कहा गया कि समस्त कार्यकर्ता समाज की सेवा तन मन से करे क्यूंकि इसी उद्देश्य को लेकर ही बीजेपी की स्थापना हुई थी। बीजेपी के लिए सर्वप्रथम राष्ट्र है उसके बाद समाज सेवा ही प्रमुख उद्देश्य है। इसको लेकर सभी को आगे बढ़ना है। वही गाँव गाँव घर घर बनी है बीजेपी की पहचान। झुग्गी झोपड़ियों मे रहने वाले गरीब किसानों की जिस तरह प्रधानमंत्री ने चिंता तथा सेवा की है उसी के कारण आज बीजेपी का जनाधार बढ़ा है। इस स्थापना दिवस पर प्रधानमंत्री ने यही मार्गदर्शन दिया है।उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री के नेतृत्व मे देश ने अनंत ऊचाईयों को छुआ है। हमारा यह कर्त्तव्य है कि प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन को संबल देते हुए पूरी शक्ति के साथ उनके दिखाये हुए मार्ग पर समाजसेवा का कार्य सेवा भाव से करें।

## बीकापुर की पुलिस ने दो गांजा तस्करों को गिरफ्तार करने का किया दावा

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता)जिले के बीकापुर क्षेत्र में मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले आरोपी पुलिस को हाथ लगे। बीती रात वाहन चेकिंग के दौरान एक स्विफ्ट डिजायर गाड़ी में भारी मात्रा में गांजे की बरामद हुई है। क्षेत्र केघ्ध तारुन थाना क्षेत्र के रामपुर भगन चौकी के करीब सतना मोड़ पर रात्रि चेकिंग के दौरान क्षेत्राधिकारी बीकापुर को उस समय बड़ी कामयाबी हाथ लगी, जब एक संदिग्ध कार को रोकने के बाद कड़ी मशक्कत के बाद उसे दबोच दबोचा गया।पुलिस सूत्रों के अनुसार संदिग्ध कार में करीब 22 किलो गांजे की खेप बरामद हुई है। कार में सवार तारुन थाना क्षेत्र के निवारी गांव के निवासी सोनू वर्मा तथा जनपद प्रतापगढ़ के रामगंज थाना क्षेत्र के सुशील यादव भी पुलिस के हत्थे चढ़े हैं। पुलिस के अनुसार पुलिस की गिरफ्त में आए दोनों युवक लंबे समय से मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त रहे हैं। इनकी माने तो क्षेत्र में इनका जाल बहुत गहराई तक व्याप्त है। मादक पदार्थों का गोरखधंधा कितनी गहराई से चल रहा है, इसका अंदाजा लगाना कठिन है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों को पुलिस ने एनडीपीएस की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जेल रवाना कर दिया है।

सम्पादक मंडल

पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से में0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक

**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**

**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/**R-1**

deshkiupasanadailynews@gmail.com

**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।